नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी 1938 से

3 पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाया

4 भारत के यूएपीए जैसा कानून लागू, ब्रिटेन में चरमपंथियों पर सख्ती

5 कौन हैं फूल बाबू जिन्हें बसपा ने पीलीभीत से उतारा?

8 घोघरा वॉटर फाल में युवक की डुबने से हुई मौत

एक नजर में



आजम खां को सात साल की सजा

लखनऊ. डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में सपा नेता आजम खां को कोर्ट ने सोमवार को सात साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीन दोषियों को पांच-पांच साल कारावास की सजा सुनाई गई है. आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली पर अदालत शनिवार को दोष सिद्ध कर चुकी थी. डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के दौरान वर्ष 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे. इनमें से एक केस इसी बस्ती के रहने वाले एहतेशाम ने दर्ज कराया था. आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र का आरोपी बनाया था, जबकि अन्य पर घर में घुसकर मारपीट करने, धमकाने, डकैती आदि जैसे गंभीर आरोप लगाए थे.

विधायकों को अयोग्य ठहराने पर रोक से इंकार

नयी दिल्ली. उच्चतम न्यायालय ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर राज्यसभा चुनाव के दौरान मतदान के लिए अयोग्य ठहराए जाने के फैसले के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के छह कांग्रेस विधायकों की याचिका पर सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया लेकिन उनके फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन छह विधायकों की याचिका पर विचार करने का फैसला किया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के 29 फरवरी के आदेश पर रोक लगाने की उनकी गुहार ठुकरा दी. पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई मई में करेगी.

पंजाब में भाजपा-अकाली हो सकता है समझौता

नयी दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन की बात चल रही है और यदि गठबंधन हो जाता है तो राज्य की 13 संसदीय सीटों में से चार से पांच सीट भाजपा को मिलने की संभावना है. सूत्रों के अनुसार भाजपा लोकसभा चुनावों में 370 का आंकड़ा पार करने एवं सहयोगियों के साथ मिल कर 400 से अधिक सीटें हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है. इसी के लिये वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों के विस्तार के लिये काम कर रही है. पार्टी के एक प्रमुख रणनीतिकार एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हाल ही में कहा था कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ गठबंधन भाजपा ने नहीं तोड़ा था. उन्होंने संकेत दिये थे कि दोनों पार्टियां फिर से मिल कर चुनाव लड़ सकती हैं. सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों के बीच बातचीत सीटों की संख्या को लेकर हो रही है.

गुस्ताखी माफ

68 कांग्रेसी भाजपा में शामिल

कमलनाथ के करीबी हैं कांग्रेस प्रवक्ता सैयद जाफर

भोपाल, 18 मार्च. मध्य प्रदेश में नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को छिंदवाड़ा से पूर्व सीएम कमलनाथ के करीबी और कांग्रेस प्रवक्ता सैयद जाफर समेत 68 से अधिक नेता भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा ने कांग्रेस को फिर दिया झटका

सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी सतीष उपाध्याय एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष प्रदेश कार्यालय में सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सैयद जाफर, पथरिया के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश श्रीधर, कांग्रेस महामंत्री डॉ. मनीषा दुबे, रतलाम जिला पंचायत सदस्य संतोष पालीवाल, बसपा के प्रदेश प्रभारी व प्रदेश महासचिव डॉ. रामसखा वर्मा, पूर्व प्रचारक अभयराज सिंह, रतलाम के मध्यप्रदेश आई.टी.सेल महामंत्री अंकित पोरवाल, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विरेन्द्र नायमा, आलोट विधानसभा युवक कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश डागी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश मैनूखेड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गालाल अटोलिया, एनएसयूआई के जिला प्रभारी गोपाल सिसोदिया सहित 68 से अधिक जनपद सदस्य, सरपंच, पूर्व सरपंच, कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी में आने का सिलसिला जारी रहेगा : डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि आज छिंदवाड़ा से कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सैयद जाफर सहित कई कांग्रेस नेताओं और बसपा पदाधिकारियों ने पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि जहां-जहां से कार्यकर्ताओं ने पार्टी ज्वाइन की है वहां-वहां विकास के काम आपके बताने पर किए जाएंगे। रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार बढ़ रहा और यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का खूब विकास हुआ है और अब हम सब मिलकर एक साथ काम करके सभी सीटों को जीतेंगे।

देश की विकास यात्रा में मिलकर काम करेंगे : शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रवक्ता सैयद जाफर ने भी तय किया कि अगर देश में कुछ करना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा में रहकर किया जा सकता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर सैयद जाफर सहित कई कांग्रेस और बसपा पाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को शुभकामनाएं देकर विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी में उन्हें मान-सम्मान के साथ पार्टी की इस यात्रा में शामिल कर साथ काम किया जाएगा।

कॉलोनाइजरों पर रासुका!

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के आदेश को सीएम मोहन ने पलटा

भोपाल, 18 मार्च. पिछली सरकार में अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा को वर्तमान मोहन सरकार ने पलट दिया. चुनाव आचार संहिता लगने से पहले नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अवैध कॉलोनियों बनाने वाले कॉलोनाइजरों पर रासुका लगाने को लेकर आदेश जारी कर दिया था.

अवैध कॉलोनी बनाने वाले बिल्डर्स की खैर नहीं

नगरीय प्रशासन विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

अब नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने सोमवार को ऐसे अवैध बिल्डरों पर एफआईआर लिखने संबंधी कानून बनाने की बात कही है. मिली जानकारी के अनुसार अब भोपाल समेत प्रदेश में ऐसे अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. नगरीय प्रशासन के अधिकारियों की माने, तो इन्हें वैध करने के बजाय नया कानून लाकर संबंधित कॉलोनाइजर पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया जाएगा. कार्रवाई सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहेगी.



भोपाल में अभी भी 256 कॉलोनियां अवैध

अधिकारियों ने बताया कि राजधानी भोपाल में सरकारी रिकॉर्ड में अवैध कॉलोनियों की संख्या 576 थी. भाजपा सरकार ने 2016 के पहले बनी अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा की थी. इसके तहत 320 कॉलोनियों को वैध कर दिया गया. पिछले साल शिवराज सरकार ने 31 दिसंबर 2022 तक बनी सभी अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा की थी, लेकिन यह आदेश अमल में नहीं आ पाया. ऐसे में 256 कॉलोनियों पर एफआईआर हो चुकी है. राजधानी के कई पॉश इलाके ऐसे हैं, जिनके बगल में बस्तियों जैसी अवैध बसाहट हैं. इनमें से ज्यादातर में बिजली, पानी, सड़क और ड्रेनेज जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं. इनमें में ज्यादातर ऐसी हैं, जिनमें लोग सस्ते प्लॉट के चक्कर में ठगे गए हैं.

मौजूदा व्यवस्था में अवैध कॉलोनाइजर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती है. उस पर एफआईआर के निर्देश हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में पुलिस चिट्ठी देकर छोड़ देती है. अब इन पर रासुका जैसे नए कानून लागू करने पर चर्चा हुई है. मंत्री ने इसके निर्देश दिए हैं, हम लोग जल्द काम शुरू करेंगे.

- नीरज मंडलोई
प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल

शक्ति उपासना हमारी घोषणा

बोले पीएम मोदी- मां-बहनों की रक्षा के लिए जान भी दे सकते हैं

शिवमोगा, 18 मार्च. लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के 48 घंटे बाद ही शक्ति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बीच विवाद छिड़ गया है.

पीएम मोदी और राहुल, दोनों ही शक्ति का अलग अर्थ निकाल रहे हैं. जहां राहुल गांधी ने मुंबई के शिवाजी पार्क में शक्ति को लेकर कहा, हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है. हम शक्ति से लड़ रहे हैं. इसके बाद पीएम मोदी ने राहुल की शक्ति पर उपासना दांव चल दिया. दोनों नेताओं की बयानबाजी से लोकसभा चुनाव में साइलेंट वोटर से लेकर मुखौटा तक की एंट्री हो गई. मोदी ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोगा में कहा,इंडी अलायंस के लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं.

हिंदू समाज, जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का एलान कर दिया है. अगर शक्ति विनाश का उनका एलान है, तो शक्ति उपासना का मेरा भी एलान है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सोमवार को तीन राज्यों तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के चुनावी दौरे पर थे. तेलंगाना के जगतियाल में आयोजित जनसभा में मोदी ने इंडी अलायंस की रैली में जारी हुए घोषणा पत्र का जिक्र किया. उस रैली में कहा गया, उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है. मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है. मैं इनको शक्ति के रूप में ही पूजता हूं. मैं इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा. यह बात यहीं पर खत्म नहीं हुई. इसके बाद प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के शिवमोगा में कहा,इंडी अलायंस के लोग, हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं. हिंदू समाज, जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का एलान कर दिया है. हमने चंद्रयान की सफलता को भी शिव शक्ति नाम देकर शक्ति को समर्पित किया है. एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं. दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं. मुकाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है.

नारी शक्ति वोटर नहीं, बल्कि मां शक्ति स्वरूपा है

पीएम मोदी ने कहा कि कई राजनीतिक जानकार कहते रहे हैं कि नारी शक्ति मोदी की साइलेंट वोटर है .लेकिन मेरे देश की नारी शक्ति वोटर नहीं, बल्कि मां शक्ति स्वरूपा है. मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया, जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी. आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं. मेरे लिए देश की नारीशक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है.

भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे हैं हम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर पीएम मोदी पर साधा निशाना

नयी दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं और कांग्रेस इसी शक्ति के खिलाफ लड़ रही है.

गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, पीएम मोदी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है. जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं. वह एक ऐसी शक्ति है जिसने आज भारत की आवाज़ को, भारत की संस्थाओं को, सीबीआई, आईटी, ईडी, चुनाव आयोग को, मीडिया को, भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढाँचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है.



राहुल गांधी ने कहा, उसी शक्ति के लिए नरेंद्र मोदी जी भारत के बैंकों से हज़ारों करोड़ के क़र्ज़ माफ़ कराते हैं जबकि भारत का किसान कुछ हज़ार रुपयों का क़र्ज़ न चुका पाने पर आत्महत्या करता है. उसी शक्ति को भारत के बंदरगाह, भारत के हवाई अड्डे दिये जाते हैं जबकि भारत के युवा को अग्निवीर का तोहफ़ा दिया जाता है जिससे उसकी हिम्मत टूट जाती है. उसी शक्ति के कारण नरेंद्र मोदी जी देश के गरीब पर जीएसटी थोपते हैं, महंगाई पर लगाम न लगाते हुए, उस शक्ति को बढ़ाने के लिए देश की संपत्ति को नीलाम करते हैं .उस शक्ति को मैं पहचानता हूँ, उस शक्ति को नरेंद्र मोदी जी भी पहचानते हैं, वह किसी प्रकार की कोई धार्मिक शक्ति नहीं है, वह अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति है इसलिए जब-जब मैं उसके खिलाफ़ आवाज उठाता हूँ, मोदी जी और उनकी झूठों की मशीन बौखलाती है, भड़क जाती है.

चुनाव आयोग का छह राज्यों के गृह सचिव बदलने का आदेश

नयी दिल्ली 18 मार्च (वार्ता) निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव मशीनरी की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में उठाये गये एक महत्वपूर्ण कदम के तहत छह राज्यों के गृह सचिव बदलने का आदेश दिया है. सूत्रों के अनुसार आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को भी चुनाव कार्य से दूर रखने का आदेश दिया है और राज्य सरकार को उनकी जगह नियुक्ति के लिए तीन पुलिस अधिकारियों के नामों का पैनल भेजने को कहा है.

ईडी के समन पर पेश नहीं हुए केजरीवाल

नयी दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता) आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर उसके समक्ष पेश नहीं हुए. ईडी ने केजरीवाल को रविवार को समन भेजा था.

पूर्व मंत्री जैन को जमानत से इंकार

उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के पूर्व मंत्री सतेंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का सोमवार को आदेश दिया. न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने मई 2023 से इलाज के लिए (मेडिकल आधार पर) जमानत पर चल रहे आम आदनी पार्टी (आप) नेता जैन को जमानत देने से इनकार कर दिया और संबंधित जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया. शीर्ष अदालत ने 17 जनवरी को पूर्व मंत्री जैन की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

सुप्रीम आदेश | **अदालत में हलफनामा दाखिल करने का दिया निर्देश**

एसबीआई 'चुनावी बांड' के अल्फा न्यूमेरिक नंबर 21 तक ईसी को सौंपें

नयी दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को 'चुनावी बांड' से संबंधित अल्फा न्यूमेरिक नंबर के विवरण 21 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपने और इसके बारे में अदालत में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया.

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने राजनीतिक दलों के चंदे में पारदर्शिता की गुहार संबंधित याचिकाओं पर 15 फरवरी 2024 के अपने फैसले का हवाला देते हुए ये निर्देश दिए. पीठ ने फिर कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि चुनावी बांड को असंवैधानिक घोषित करने के साथ एसबीआई अल्फा न्यूमेरिक नंबरों सहित सभी विवरणों का खुलासा करने के अदालत के निर्देश का पालन करना होगा.

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ एसबीआई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को संबंधित जानकारियां (शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार) चुनाव आयोग को सौंपने के साथ-साथ गुरुवार तक एक हलफनामा अदालत में दाखिल करने निर्देश दिया. बैंक ने चुनावी बांड से संबंधित सभी विवरणों का चुनाव आयोग के समक्ष खुलासा कर दिया है.

संविधान पीठ ने कहा कि एसबीआई को बांड खरीद और रसीद के संदर्भ में सभी विवरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है.

सीजेआई की बार एसो. के अध्यक्ष को सख्त लहजे में नसीहत

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को आज चुनावी बॉन्ड पर सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ से कड़े शब्दों में बातचीत का सामना करना पड़ा. वरिष्ठ अधिवक्ता और वकीलों के संगठन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले की राष्ट्रपति से स्वत- समीक्षा की मांग की थी, जिसमें चुनावी बॉन्ड योजना को खत्म कर दिया था और भारतीय स्टेट बैंक को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक फंडिंग के सभी विवरण जारी करने का निर्देश दिया था .आदिश अग्रवाल ने आज कोर्ट में चुनावी बॉन्ड मामले का उल्लेख किया, तो मुख्य न्यायाधीश ने उसका सख्ती से जवाब दिया. उन्होंने कहा, एक वरिष्ठ वकील होने के अलावा, आप एससीबीए के अध्यक्ष हैं.

बिहार में राजग की सीटों का हुआ बंटवारा

नयी दिल्ली 18 मार्च (वार्ता) लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी - रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे.